Bareilly, Monday,
8 June 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO.- 04 : TOP

# लखनऊ के लक्ष्य टीटी टूर्नामेंट के चारों श्रेणियों के अकेले बादशाह

### 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (7 June):** 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में संडे को फाइनल मुकाबले खेले गए. लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने इस बार टूर्नामेंट में अपने खेल से सभी को हतप्रभ कर दिया. उन्होंने अंडर 19, अंडर 17, अंडर 15 और अंडर 13 कैटेगरी में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. गाजियाबाद की आरती चौधरी ने वुमेंस कैटेगरी में खिताब जीता. मेंस कैटेगरी फाइनल में सहारनपुर के अंश सभरवाल ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को 4-11, 11-6, 7-11, 11-7, 11-7 प्वाइंट्स से पराजित किया. प्रयागराज की अंशिका गुप्ता अंडर-13 वर्ग में विजेता रहीं.

### ट्राफी और कैश प्राइज से सम्मानित हुए प्लेयर्स

यूपीटीटीए के सेक्रेटरी अरुण बनर्जी और श्रीराम मूर्ति कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के डीन डा. प्रभाकर गुप्ता, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी प्रमोद यादव, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के सेक्रेटरी श्याम कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया. इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सेक्रेटरी दीपेंद्र कामथान, नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल, टूर्नामेंट के कन्वीनर डा. पुष्पेंद्र यादव, चीफ प्राक्टर डा. विवेक यादव, सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे.

P IC: DAINIK JAGRAN INEXT




चारों ऐज कैटेगिरी के विनर बने लक्ष्य को किया गया सम्मानित.

### फाइनल में यह रहा परिणाम

- मेन्स फाइनल-- अंश सभरवाल (सहारनपुर) ने सार्थ मिश्रा (गाजियाबाद) को 4-11, 11-6, 7-11, 11-7, 11-7 अंकों से हराया.
- वुमेंस फाइनल--आरती चौधरी (गाजियाबाद) ने अंबिका गुप्ता (प्रयागराज) को 11-8, 11-8, 11-3 अंकों से पराजित किया.
- यूथ ब्वायज (अंडर 19)- लक्ष्य कुमार (लखनऊ) ने गर्व सिंगला (गौतमबुद्ध नगर) को 7-11, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 अंकों से पराजित किया.
- यूथ गर्ल्स (अंडर 19)-अनिका गुप्ता (गाजियाबाद) ने वान्या बंसल (आगरा) को 13-11, 11-6, 13-11 अंकों से पराजित किया.
- जूनियर ब्वायज (अंडर 17)-लक्ष्य कुमार (लखनऊ) ने विख्यात कटियाल (मुरादाबाद) को 9-11, 7-11, 11-6, 11-6, 11-5 अंकों से पराजित किया.
- जूनियर गर्ल्स (अंडर 17)-आयुषि सिंघला (गौतम बुद्ध नगर) ने अनोखी केशरी (वाराणसी) को 12-10, 11-8, 11-5 अंकों से हराया.
- सब जूनियर ब्वायज (अंडर 15)- लक्ष्य कुमार (लखनऊ) ने शौर्य गोयल (लखनऊ) को 11-3, 11-8, 11-5 अंकों से हराया.
- सब जूनियर गर्ल्स (अंडर 15)- पहल गुप्ता (आगरा) ने अंशिका गुप्ता (प्रयागराज) को 6-11, 11-7, 13-11, 5-11, 11-0 अंकों से पराजित किया.
- कैडेट ब्वायज (अंडर 13)- लक्ष्य कुमार (लखनऊ) ने विक्रम दुबे (गाजियाबाद) को 11-9, 6-11, 11-6, 11-5 अंकों से हराया.
- कैडेट गर्ल्स (अंडर 13)- अंशिका गुप्ता (प्रयागराज) ने इनाया फातिमा (आगरा) 11-1, 11-7, 6-11, 11-3 अंकों से पराजित किया.
- होप्स ब्वायज (अंडर 11)-प्रनीत अग्रवाल (लखनऊ) ने एचएस मोहाल (गौतम बुद्ध नगर) को 11-7, 11-7, 11-4 अंकों से हराया.
- होप्स गर्ल्स (अंडर 11)- वेदांशी पोद्दार (आगरा) ने किमायरा (आगरा) को 13-15, 11-4, 11-8, 11-7 अंकों से पराजित किया.